न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, नैनवां, जिला बून्दी (राज0)

तारीख हुक्म	हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
9/12/24	पत्रावली पेश हुई। पक्षकार प्रार्थी उप० है। प्रार्थी ने प्रा०पत्र पेश किया। शा०का० किया। प्रार्थी ने उसके कब्जे की भूमि पर पत्थरगढ़ी करवाने हेतु निवेदन किया। अतः तहसीलदार नैनवां को प्रार्थी के कब्जे के सम्बन्ध मे तथा अन्य निर्माण आदि के सम्बन्ध मे स्पष्ट रिपोर्ट हेतु लिखा जाकर पत्रावली दि० 7-1-25 को पेश हो। (हस्ताक्षर)	
7.1.25	पत्रावली पेश हुई। वकील पक्षकारान उपस्थित है। श्रीमान विद्वान अधिकारी महोदय दौरे/ अवकाश/अन्य राजकार्य मे तशरीफ रखते है। पत्रावली दि 17.1.25 को पेश हो। (हस्ताक्षर)	
17.1.25	पत्रावली पेश हुई। ~~वकील~~ प्रार्थी रामकरण उपस्थित है। तहसीलदार नैनवां से रिपोर्ट प्राप्त हुई। रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी के खसरा सं. 704 पर सम्पूर्ण रकबे पर प्रार्थी का कब्जा काश्त न होकर ख.सं. 704 की भूमि पर लगभग 2 बीघा भूमि पर माता जी महाराज का मन्दिर प्रांगण व धर्मशाला का पक्का निर्माण है तथा लगभग 1 बीघा भूमि पर पक्का मकान व बाड़ा रामदेव माली का बना है। अतः जितने रकबे पर प्रार्थी का कब्जा काश्त है उतने रकबे पर ही पत्थरगढ़ी किया जाना संभव है। तहसीलदार नैनवां की रिपोर्ट पर प्रार्थी की बहस सुनी गई। प्रार्थी ने तहसीलदार नैनवां की रिपोर्ट को स्वीकार	

तारीख हुक्म	हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल जज
	करते हुए निवेदन किया कि जितनी भूमि पर प्रार्थी का कब्जा काश्त है, उतनी भूमि पर ही पत्थरगढ़ी किये जाने के आदेश फरमाने की कृपा करें। हमने प्रार्थना पत्र शपथ-पत्र, प्रस्तुत रिकार्ड दस्तावेज, तहसीलदार नैनवां की रिपोर्ट आदि का अवलोकन किया। प्रार्थी केवल उसके कब्जेशुदा भूमि पर पत्थरगढ़ी करवाने हेतु सहमत है। अतः ग्राम खानपुरा पटवार मण्डल खानपुरा की खाता सं. नया 302 की कृषि भूमि खसरा संख्या 704 रकबा 1.3672 हेक्टेयर भूमि पर किसी न्यायालय का स्थगन न हो तो प्रार्थी के कब्जे की भूमि, जिसे नक्शा परिशिष्ट "क" में दर्शाया गया है, जो इस निर्णय का अभिन्न अंग होगा, पर नियमानुसार शुल्क राजकोष में जमा होने के उपरान्त पत्थरगढ़ी किये जाने के आदेश तहसीलदार नैनवां को दिये जाते है। निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी नैनवां (बून्दी)

परिशिष्ट – "क"



उपखण्ड अधिकारी नैनवां (बून्दी)

उपखण्ड अधिकारी नैनवां (बून्दी)